भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2020 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2986 का उत्तर

फरीदपुर में आर॰ओ॰बी॰

2986. श्री धर्मेन्द्र कश्यपः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) **क्या सरकार का आंवला संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत फरीदपुर में रेल समपार पर उपरिगामी पुल के निर्माण का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;**

(ख) **क्या सरकार को इस संबंध में कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;**

(ग) **यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और अब तक इस संबंध में की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और**

(घ) **यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?**

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (घ): जी नहीं। मुरादाबाद-लखनऊ खंड पर पीताम्बरपुर यार्ड में कि.मी.1288/17-18 पर समपार (एलसी) संख्या 352 है। यह समपार राज्य सरकार के साथ लागत में भागीदारी के आधार पर ऊपरी सड़क पुल के निर्माण के लिए अर्हक है क्योंकि यहां की यातायात घनत्व एक लाख से अधिक है। रेलवे ने लागत में भागीदारी और समपार को समाप्त करने की सहमति शीघ्र देने हेतु राज्य सरकार से अनुरोध किया है। राज्य सरकार से सहमति प्राप्त होने के पश्चात् आगे की कार्रवाई की जाएगी।

****